# ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

FOR GOD AND COUNTRY

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION

## 2nd Term Test – 2018

Sub: HINDI GRAMMAR  Class: 4B  F.M: 44

Duration: 1hr 30 mins.  Date: 03.08.2018

---

सफाई से काम करो | अशुद्धियों के अंक काटे जायेंगे |

(खंड क)

1) विलोम शब्द:- (1*3=3)

प्राचीन ,वीर ,धर्म

2) निम्न शब्दों के दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखो :- (1*3=3)

सूर्य ,पानी ,वृक्ष

3) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखो :- (1*3=3)

क) जिसका आकार न हो

ख) जिसके पास धन न हो

ग) जिसकी कोई उपमा न हो

(खंड ख)

4) संज्ञा किसे कहते हैं ?उदाहरण सहित लिखो | (2+1=3)

5) लिंग किसे कहते हैं?उदाहरण दो और उसके भेदों के नाम लिखो | (2+1=3)

6) लिंग बदलकर वाक्य पुनः लिखो :- (3)

क) पिताजी किताब पढ़ रहे हैं|

ख) पंडित ने पूजा करवाई|

ग) कल मेरे दादाजी दिल्ली गए |

7) लिंग पहचान कर वाक्य बनाओ:- (3)

क) दही  ख) गाय  ग) जूता

8) बहुवचन से एकवचन बनाओ :- (3)

क) राम ने कहानियाँ सुनायीं |

ख) गाय को रोटियाँ दो |

ग) दुकानों पर बहुत भीड़ है |

**(खंड -- ग)**

9) निम्न मुहावरों से वाक्य बनाओ :- (5)

क) आकाश - पाताल एक करना

ख) कलई खुलना

ग) कोल्हू का बैल होना

घ) घड़ों पानी पड़ना

ङ) उँगली पर नचाना

10) व्यक्तिवाचक संज्ञा और जातिवाचक संज्ञा में क्या अंतर है ?उदाहरण देकर समझाओ | (4+1=5)

11) "मेरा प्रिय खेल" पर अनुच्छेद लिखो | (5)

12) अपठित गद्यांश (5)

रक्षाबंधन का त्योहार भाई-बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक है |प्रति वर्ष सावन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है |इस दिन बहनें अपने भाई को राखी बाँधती हैं और मिठाई खिलाती हैं | भाई बहन को उपहार देता है और उसकी रक्षा का वचन देता है |रानी कर्मवती ने भी चित्तौड़ की रक्षा के लिए मुगल बादशाह हुमायूँ को राखी भेजी थी |

अनुच्छेद पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो :-

क) रक्षा - बंधन कब मनाया जाता है ? (1)

ख) इस दिन बहनें क्या करती हैं ? (1)

ग) रानी कर्मवती ने बादशाह हुमायूँ को राखी क्यों भेजी थी ? (1)

घ) बहुवचन बनाओ :- (1)

मिठाई , भाई

ङ) वाक्य बनाओ :- पवित्र (1)

# ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

FOR GOD AND COUNTRY

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION

## 2nd Term Test – 2018

**Sub:** HINDI GRAMMAR **Class:** 4B **F.M:** 44
**Duration:** 1hr 30 mins. **Date:** 03.08.2018

---

सफाई से काम करो | अशुद्धियों के अंक काटे जायेंगे |

**(खंड क)**

1) विलोम शब्द:- (1*3=3)
नवीन , कायर , अधर्म

2) निम्न शब्दों के दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखो :- (1*3=3)
सूर्य - रवि , दिनकर
पानी - जल , नीर
वृक्ष - पेड़ , विटप

3) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखो :- (1*3=3)
क) निराकार
ख) निर्धन
ग) अनुपम

**(खंड ख)**

4) किसी व्यक्ति,वास्तु,प्राणी व भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं | जैसे - राम , किताब आदि (2+1=3)

5) पुरुष व स्त्री जाति का बोध कराने वाले शब्दों को लिंग कहते हैं | जैसे- लड़का - लड़की| लिंग के दो भेद हैं| (2+1=3)

6) लिंग बदलकर वाक्य पुनः लिखो:- (3)
क) माताजी किताब पढ़ रही हैं|
ख) पंडिताइन ने पूजा करवाई|
ग) कल मेरी दादीजी दिल्ली गई|

7) लिंग पहचान कर वाक्य बनाओ:- (3)
क) दही - पुल्लिंग - दही खट्टा है |
ख) गाय - स्त्रीलिंग - गाय घास खाती है |
ग) जूता - पुल्लिंग - जूता पहनकर बाहर आओ |

8) बहुवचन से एकवचन बनाओ :- (3)

क) राम ने कहानी सुनायी |

ख) गाय को रोटी दो |

ग) दुकान पर बहुत भीड़ है |

**(खंड - ग)**

9) निम्न मुहावरों से वाक्य बनाओ :- (5)

क) आकाश-पाताल एक करना-राज ने नौकरी के लिए आकाश -पाताल एक कर दिया

ख) कलई खुलना- रिश्वत लेकर पकड़े जाने पर नेता की कलई खुल गई |

ग) कोल्हू का बैल होना- किसान कोल्हू के बेल की तरह काम करता है |

घ) घड़ों पानी पड़ना- अध्यापिका के डांटने पर रोहन पर घड़ों पानी पड गया |

ङ) उँगली पर नचाना- नेता जनता को अपनी उँगली पर नचाते हैं |

10) किसी विशेष व्यक्ति , वस्तु या स्थान का बोध कराने वाले शब्दों को व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं | जैसे - ताजमहल ,दिल्ली

किसी जाति के एक ही प्रकार के व्यक्ति , वस्तु या स्थानों का बोध कराने वाले शब्दों को जातिवाचक संज्ञा कहते हैं | जैसे - लड़का , फूल

(4+1=5)

11) "मेरा प्रिय खेल" (5)

मेरा प्रिय खेल क्रिकेट है | इसमें दो टीम खेलती है |एक टीम बल्लेबाज़ी करती है ओर दूसरी गेंदबाज़ी | दोनों टीम में से जो अधिक रन बनाता है वही विजयी होता है |मेरा मनपसंद खिलाड़ी विराट कोहली है | मैं बड़ा होकर अपने देश के लिए खेलना चाहता हूँ |

12) अपठित गद्यांश- अनुच्छेद पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो :- (5)

क) रक्षा - बंधन प्रतिवर्ष सावन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है| (1)

ख) इस दिन बहनें अपने भाई की कलाई पर राखी बाँधती हैं और मिठाई खिलाती हैं| (1)

ग) रानी कर्मवती ने अपने राज्य चित्तौड़ की रक्षा के लिए मुगल बादशाह हुमायूँ को राखी भेजी थी| (1)

घ) बहुवचन बनाओ :- (1)

मिठाई - मिठाइयाँ , भाई - भाइयों

ङ) वाक्य बनाओ :- पवित्र- वैष्णो देवी एक पवित्र तीर्थ स्थान है | (1)